Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 15-02-2022 अंक 142

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## रूपेश पांडेय की मां की अनशन जारी, सेहत में गिरावट, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में दो दिनों से हो रही है स्वास्थ्य जांच



अनशनकारी उर्मिला देवी की स्वास्थ्य जांच करते डॉ प्रकाश ज्ञानी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

रूपेश पांडेय की हत्या के बाद उनकी माँ उर्मिला देवी पिछले आठ दिनों से अनशन पर बैठी है। जिसके कारण उन्हें ग्लूकोज की जरूरत पड़ रही है। सेहत में गिरावट आ रही है। जिसको देखते हुए अनुमंडलीय अस्पताल बरही के डीएस ड० प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में एक मेडिकल टीम लगातार उनकी स्वास्थ्य की जांच कर रही है। सोमवार एवं मंगलवार को खुद डीएस ड० प्रकाश ज्ञानी अपनी निगरानी में रूपेश की माता की स्वास्थ्य जांच की। मंगलवार को जांच के बाद उन्हें ग्लूकोज चढ़ाया गया। बीपी एवं अ०क्सीजन लेवल की जांच की गई। जांच के बाद ड० प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि रूपेश की माँ की स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। लेकिन उन्हें खाने पीने में ध्यान देना होगा। उन्होंने उनके परिजनों को कई निर्देश देते हुए उनके देखभाल करने की बात कही। वही उर्मिला देवी ने भास्कर से बताया कि अब तक केवल आश्वासन ही मिल रहा है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नही हो रही है। मात्र 5 की गिरफ्तारी हुई है।। शेष 22 लोगों की गिरफ्तारी नही हुई है। उन्होंने प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि हत्या के दोषियों की गिरफ्तारी न कर अब प्रशासन उन्हें पकड़ रही है जिन्होंने हमलोगों को सपोर्ट किया। कहा कि जब तक सभी 22 लोगों की गिरफ्तारी नही हो जाती तन तक अनशन जारी रहेगी।। रुपेश के पिता सिकन्दर पांडेय ने कहा कि प्रशासन मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। इसलिए उनके द्वारा हमे सहयोग करने वालो को परेशान किया जा रहा है। यह सरासर गलत है। स्वास्थ्य जांच के समय मौके पर डॉ प्रकाश ज्ञानी के साथ पंकज कुमार आज़ाद, एएनएम मीना कुमारी, मो शमसाद, जितेंद्र पांडेय, एच एमएस सदस्य कृष्णा प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।

## रूपेश पांडेय के हत्यारों को फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से मिले सजा : किशुन यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



किशुन यादव

भाजपा उत्तरी छोटानागपुर ओबीसी मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी किशुन यादव ने रूपेश हत्याकांड मामले में अपना बयान जारी करते हुए कहा कि रूपेश हत्याकांड से भारतीय जनता पार्टी के सभी नेता एवं कार्यकर्ता मर्माहित है। सरकार के उदासीन रवैया एवं प्रदेश की चरमराई विधि वयवस्था के फलस्वरूप प्रदेश में ऐसा घटनाएं लगातार घट रही है। हमलोगों की मांग है की रूपेश पांडेय हत्याकांड के सभी 27 नामजाद अभियुक्तों को पुलिस जल्द गिरफ्तार कर मामले को फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में चलते हुए सभी अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले एवं पीडित परिवार के निकट्तम वयक्ति माता-पिता को सरकारी नौ. करी व 50 लाख का मुआवजा मिले। भाजपा ने. ताओं द्वारा लगातार मुहिम चलाकर नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है एवं प्रयास किया जा रहा है कि पीडित परिवार को न्याय मिले। जिसके बाद राज्य सरकार पर भारी दबाव के कारण सरकार की नींद खुली और सरकार के मंत्रियों का आगमन पीड़ित परिवार के समक्ष हुआ है एवं पीड़ित परिवार को राज्य के मुख्यमंत्री से मिलाने का अश्वाशन मिला है। हम सभी को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इस मामले को गंभीरता से लेंगे एवं अविलंब सभी नामजद 27 अभियुक्तो को गिरफ्तारी कर सजा दिलाने का काम करेंगे।

## पीड़ित के परिजनों को न्याय दिलाने, क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करवाने के उेश्य से प्रदेश के मंत्रियों को बरही बुलाने के लिए धन्यवाद के पात्र है विधायक उमाशंकर अकेला : कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अब्दुल मनान वारसी

उक्त बातें बरही के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सह कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि रूपेश पांडेय हत्याकांड के बाद से बरही सहित प्रदेश में तनावपूर्ण वातावरण फैल गया था, शांति व्यवस्था कायम करने में जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है। इस मामले को लेकर बरही के स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला को बिरोध भी झेलना पड़ा लेकिन रूपेश के हत्यारों को सजा दिलाने, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने, पीड़ित परिवार को मुवाबजा दिलाने सहित क्षेत्र में फैली तनावपूर्ण स्थिति का जायजा लेने के लिए बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने नेतृत्व में मुख्यमंत्री से आग्रह करकृषि मंत्री बादल पत्रलेख, पेजल मंत्री मिं. थलेश ठाकुर, श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद को बरही बुलाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात करवा कर शांति व्यवस्था बनाने को लेकर एक बेहतर प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि उक्त मंत्रियो द्वारा पीड़ित परिवार से मिल कर संवे. दना व्यक्त किया गया। तीनो मंत्रियों ने अपने विवेकाधीन कोष से एक एक लाख रुपये देने का घोषणा किया, विधायक श्री अकेला ने स्वयं 50 हजार रुपये का नगद सहयोग किया। इसके अलावा परिवार के सभी सात ला. ेगों का राशन कार्ड बनवाकर उन्हें सुपुर्द किया। साथ ही मंत्रियो द्वारा पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री से भेंट करवाने एवं हत्यारो को सजा दिलाने सहित पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही प्रशासन से वैसे सभी असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने को लेकर सख्ती से कार्यवाई करने का आदेश दिया है। जिसके बाद से बरही सहित प्रदेश में शांति देखने को मिल रहा है। इसके लिए बरही विधायक उमाशंकर अकेला धन्यवाद के पात्र है। साथ ही उन्हा. ेंने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर, श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह, राजद के जिला अध्यक्ष संजर मलिक, जेएमएम जिलाध्यक्ष शंभु यादव, झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य बिनोद विश्कर्मा का भी आभार व्यक्त किया है।

## शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई थी समाजसेविका शंकुतला शरण : महेंद्र दुबे

### शंकुतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से मानयी गई शंकुतला शरण की 14 वीं पुण्य तिथि




शंकुतला शरण की पुण्य तिथि मनाते लोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

न्यू कॉलोनी निवासी समाजसेविका शकुंतला शरण की 14 वी पुण्य तिथि शंकुतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से संगीता प०ली क्लीनिक परिसर में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ शकुंतला शरण के चित्र पर ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी, सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे , डॉ प्रकाश ज्ञानी , डॉ सुमेधा ज्ञानी ने माल्यार्पण कर एवं पुष्पार्चन कर किया। उसके बाद उप. स्थित लोगों ने बारी बारी से पुष्प अर्चन किया। इस अवसर पर सभी ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समा. जसुधारक की संज्ञा दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने कहा कि शंकुतला शरण जी ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम किया। गरीबो को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए उन्होंने हर संभव प्रयास किया। ड० संगीता चौधरी एवं ड० प्रकाश ज्ञानी ने पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि पुण्य तिथी के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य चेकप का आयोजन किया गया था ।लेकिन बरही में धारा 144 लागू रहने के वजह से कैम्प को फिलहाल स्थगित कर दिया गया। यह कैम्प आगे आयोजित होगा। डॉ ज्ञानी ने कहा कि पुण्य तिथि पर गरीबो को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना भी ट्रस्ट के मुख्य उद्देश्य रहा है। मौके पर कैलाशपति सिंह, कृष्णा प्रजापति, नरेश प्रजापति, विनय कुमार सिन्हा, अब्दुल्ला अंसारी, महेंद्र कुमार, सुधीर पांडेय, गुड्डू कुमार, समीना खातून, अंजुम बानो, रेणु कुमारी , आकाश कुमार, ललन कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## बरही में सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने के आरोप में 10 को जेल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

रूपेश हत्याकांड के बाद आगजनी, तोड़ फोड़ , रोड जाम एवं सरकारी काम मे बाधा डालने के आरोप में अब तक अलग अलग छह प्राथमिकी दर्ज किया गया है। इन प्राथमिकी के नामजद अभियुक्तों में सिंटू पासवन दुलमहा, सनी केशरी, राहुल केशरी, सोनु केशरी, बरही डीह , मो इमरान, मो इब्राहिम, मो मंजूर, मो जियारत , मो आसिफ कोनरा एवं बरही डीह निवासी रंजन केशरी को एक पुराने मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।




APEM LIVE

दिनांकः 15-02-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## महायज्ञ से वातवरण में आती है शुद्धता, सकारात्मक सोच विकसित होती है: मनोज यादव

### कटियोंन महायज्ञ में पहुँचे पूर्व विधायक, जागरण मंच का किया उद्घाटन



जागरण मंच का उद्घाटन करते पूर्व विधायक मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

प्रखण्ड अंतर्गत केदारुत पंचायत के ग्राम कटियोन में चल रहे पांच दिवसीय श्री श्री 108 रुद्र सह सकल शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के चौथे संध्या में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव कटियोंन पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक ने भक्ति जागरण मंच का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इससे पूर्व महायज्ञ समिति के ओर से आयोजक सतेंद्र सिंह ने माला पहनाकर पूर्व विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहता है। उन्होंने बनारस से चल कर आये कथा वाचक का अभिनंदन करते हुए कहा कि आपके कथा को सुनकर आपके बताए गये सत्य के मार्ग पर चल कर कटियोंन के ग्रामीण गौरवान्तित महसूस कर रहे है। ज्ञात हो की रामवृक्ष सिंह एवं सतेंद्र सिंह ने स्वयं के खर्चे से शिव मंदिर का निर्माण कराए है। जिसमे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर भा. जपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, केदारुत पूर्व मुखिया विशेश्वर यादव,विहिप के जिला संयोजक गुरुदेव गुप्ता,भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी,रामबृक्ष सिंह, सतेंद्र सिंह, इन्द्रदेव ठाकुर,अनुज सिंह, बिरेन्द्र सिंह,सिकंदर सिंह, बसंत सिंह, विजय सिंह, रविन्द्र सिंह, संजय सिंह, केसौरी सिंह, विकाश सिंह, उपेंद्र सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## शांति समिति की हुई बैठक, प्रशासनिक पदाधिकारी ने दिया सख्त निर्देश



**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : बरही अनुमंडल क्षेत्र में धारा 144 को लेकर चलकुशा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई ।बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य बरही अनुमंडल क्षेत्र में धारा 144 लागू है ।सीओ ने जनप्रतिनिधियों एवं समा. जसेवियों से कहा कि प्रशासन के द्वारा सोशल मीडिया पर नजर बनाए हुए हैं। किसी भी तरह का जुलूस निकालने या बैठक करने पर पूर्ण रूप से पायबंदी लगाया गया है। सोशल मीडिया पर जो विशेष समुदाय के लेकर टीका टिप्पणी करते पाए जाएंगे। जिससे शांति भंग होने की संभावना हो। वैसे लोगों को चिन्हित कर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी ।मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुबा. `ध चौधरी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह ऐपवा अध्यक्ष सविता सिंह,उपप्रमुख दुर्गा यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी प्रधान भुनेश्वर दास, सुभाष ठाकुर,अजहर उदीन, प्रधान प्रतिनिधि दिनेश पांडेय,दसरथ यादव, भीखी सिंह,बसंत पांडेय, अजय सिंह, आलोक सिंह, तफज्जुल हुसैन, गोबिंद चौधरी, सतेन्द्र दास,पंकज कुमार,रहमान अंसारी,एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## प्रजापति समाज करियातपुर के द्वारा मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को प्रजापति समाज करियातपुर का मातृ-पितृ पूजन दिवस तथा पिकनिक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चौपारण प्रखंड के सक्रिय कार्यकर्ता श्री अशोक प्रजा. पति, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष मोहन प्रजापति, जी टी रोड दुधपनिया समाज के सक्रिय कार्यकर्ता जागेश्वर प्रजापति उपस्थित रहे। वहीं करियातपुर समाज के अध्यक्ष तोखन प्रजापति तथा पूर्व छडीदार हरी प्रजापति ने समाज के मृत पुर्वजों के लगे तस्वीरों पर दीप प्रज्जव. लित कर कार्यक्रम का शुभा. रंभ किया। कार्यक्रम शुभारंभ के पश्चात्त सबसे पहले मृत पूर्वजो की आत्मा की शांति के लिए उनकी तस्वीरों पर फूल अर्पित कर एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद सभी पुत्र एवं पुत्रियां अपने अपने माता पिता के बारी बारी से पूजा अर्चना किए। पुजा अर्चना में सभी बच्चे अपने अपने माता-पिता को उच्चे आसन पर बैठाकर तिलक कुमकुम लगाया एवं माला पहनाकर आरती किए मिठाई खिलाकर परिक्रमा करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किए। यह सब दृश्य देखने लायक था। सभी माता-पिता को आशा की एक किरण नजर आ रही थी कि हमारे बच्चे बुढ़ापे में हमारा सहारा अवश्य बनेंगे। साथ ही साथ बच्चों एवं महिलाओं के लिए कुर्सी रेस, बंम फटा, ब०ल पास बच्चों के लिए बिस्कुट रेस आदि खेल का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में करियातपुर के अलावा यहां की सवासीनें भी उपस्थित होकर अपने माता-पिता की पूजा अर्चना की । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अशोक प्रजापति ने कहा कि इस तरह का माता पिता के प्रति संस्कार समारोह हर परिवार गांव और समाज में होना चाहिए। बताते चलें कि यह कार्यक्रम प्रजापति समाज करियातपुर की ओर से प्रत्येक वर्ष 14 फरवरी को मनाया जाता है। जिसका मुख्य देश है आज के परिवेश में माता-पिता एवं बच्चों में बढ़ती दूरी को कम करना। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार प्रजा. पति, उप सचिव राहुल कुमार, करियातपुर समाज के अध्यक्ष तोखन प्रजापति, सचिव महेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष अर्जुन कुमार पंडित, सुरेंद्र प्रजापति, धर्मेंद्र कुमार पंडित, प्रवीन कुमार पंडित, दीपक कुमार पंडित, छोटन प्रजापति, सुनील पंडित, सुरेश प्रजापति ,विनोद प्रजापति, मतलू पंडित, अशोक कुमार पंडित, राजेश प्रजापति, मनोज पंडित, रवि कुमार, सूरज कुमार, सोनू कुमार, रविंद्र पंडित, विष्णु पंडित, रोहित कुमार, निखिल कुमार आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## संस्कार युक्त शिक्षा के मापदंड पर खरा उतरा रहा है भामाशाह विद्यालय : अमित साहू

### भामाशाह विद्यालय की नव गठित कमेटी को कराया गया शपथग्रहण, विद्यालय विकास का संकल्प

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



शपथग्रहण करते कमेटी के लोग

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में नवगठित विद्यालय कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी गणों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन माँ सरस्वती , एवं भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर सामूहिक रूप से किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय ने उक्त अवसर पर सभी पदाधिकारियों का विधिवत शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न कराया। विदित हो कि भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जो विद्या भारती झारखंड से संबद्धता प्राप्त है। विद्या भारती के निर्देशानुसार ही यह विद्यालय संचालित है। विद्या भारती के अनुसार संचालित इस विद्यालय की स्थानीय समिति का नव गठन किया गया है । नव चयनित अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा भामाशाह विद्यालय की पहचान रही है। इस पहचान को बरकरार रखा जाएगा। नव गठित कमेटी की कार्य अवधि 2 वर्ष की होती है। समिति के पदाधिकारियों में त्रिवेणी साव (संरक्षक), अमित कुमार (अध्यक्ष), मनोज साव (उपाध्यक्ष), नागेंद्र कुमार (सचिव), दिनेश साव (सह सचिव), रोहित कुमार (कोषाध्यक्ष), सुदर्शन साव (अभिभावक प्रतिनिधि), बबलू साव (सदस्य), शीतल साव (सदस्य), कुंदन साव (सदस्य), गोविंद साव (सदस्य), सूरज कुमार (सदस्य), सरिता देवी (सदस्य), सुरेश साव , (साहू समाज पदेन मुखिया सदस्य) विजय कुमार एवं अंजलि गुप्ता (आमंत्रित सदस्य), विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिन्हा, विभाग सह प्रमुख तुलसी प्रसाद ठाकुर , प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय मौके पर उपस्थित थे।

## पदमा प्रखंड के मुख्यालय में किया गया जर्सी का वितरण।

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन रात मेहता**



मुख्यमंत्री फुटब०ल आमंत्रण के तहत पदमा प्रखंड के मुख्यालय में किया गया जर्सी का वितरण। प्रखंड स्तरीय विजेता टीम बालक वर्ग और बालिका वर्ग दोनों टीम के विजेताओं को पदमा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, अंचलाधिकारी मोजाहिद अंसारी दोनों ने प्रखंड मुख्यालय में विजेताओं टीम को जर्सी देकर सम्मानित किया गया वितरण । प्रखंड विकास पदाधिकारी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, मन लगाकर पढ़ो राज्य के साथ-साथ प्रखंड और जिला का नाम भी रोशन करो। अंचलाधिकारी ने कहा की शरीर के लिए खेल बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में निम्नलिखित लोग उपस्थित रहे। सूर. जपुरा ओर रोमी पंचायत के पंचायत सचिव प्रभारी जीपीएस मोहम्मद मजहर अंसारी, नाजिर शेखर सुमन आदि उपस्थित रहे।

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## एएनएम-सहिया को दी गई एड्स की जानकारी




**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**

झुमरीतिलैया स्थित कोडरमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में झारखंड राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वाधान में ट्राई इंडिया संस्था के द्वारा कोडरमा प्रखंड के एएनएम तथा सहिया दीदी के बीच बेसिक ऑफ एचआईवी एंड इलीनेशन ऑफ मदर टू चाइल्ड ट्रांसमिशन ऑफ एचआइवी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर ट्राई इंडिया संस्था के मास्टर ट्रेनर धीरज कुमार ने उपस्थित एएनएम तथा सहिया दीदी को एचआईवी एड्स से संबंधित विस्तृत जानकारी मुहैया कराया। इस दौरान उन्होंने एड्स से बचने तथा एड्स संक्रमित महिलाओं से होने वाले बच्चे को एड्स के खतरे से बचाने की तमाम जानकारी दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एड्स से बचने के लिए समाज में लोगों को जानक. ारी होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर सहिया दीदी की जिम्मेवारी है कि वह गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रेरित करें तथा एड्स से संक्रमित महिलाओं की जांच कर एआरटी सेंटर में काउंसलिंग कराएं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार तथा झारखंड ऐड्स कंट्रोल सोसायटी ने एड्स की रोक. थाम तथा उसके उपचार के लिए कई कार्यक्रम चला रहे हैं। मौके कई एएनएम तथा सहिया मौजूद थे।

## शहीदों को श्रद्धांजली व रूपेश पांडेय को न्याय दिलाने के लिए डेबो में निकला कैंडल मार्च

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



पुलवामा में शहीद जवानों व दिवंगत रूपेश को न्याय दिलाने के लिए डेबो उप मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव के अगुवाई में युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च। कैंडल मार्च कि शुरुवात देवी मंडप से शुरू होकर पूरा डेबो गांव घुमा। इस दौरान युवाओ ने शहीद जवान अमर रहे अमर रहे व रूपेश पांडेय दोषियो को फाँसी दो फाँसी दो, रूपेश के दोषियो को अविलंब गिरफ्तार करो गिरफ्तार करो में नारो से गूंज उठा डेबो। उप मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव ने कहा कि शहीदों की शहादत बेकार नही जाएगा। कहा बरही में रूपेश पांडेय का निर्मम हत्या कर दिया गया और हत्यारे अभी भी घूम रहे है। कहा रूपेश को न्याय दिलाने के लिए डेबो के युवाओं की आवाज प्रसाशन के कानों तक आवाज पहुंचेंगा। भाजपा महामंत्री बालेश्वर साव ने कहा कि प्रशासन रूपेश के पीड़ित परिवार को अविलंब उचित मुआवजा दे। इस दौरान शिक्षक अमृत रविदास, समाजसेवी अशोक यादव, चंदन कुमार, पीयूष कुमार, रौशन कुमार सहित अन्य।

## भूमि विवाद में कपड़े की दुकान को जलाया गया



**अपेम लाइव बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा प्रतिनिधि। थाना क्षेत्र के गैयपहाडी डमर चौंक स्थित हसन अली के कपड़ा दुकान में मंगलवार के अहले सुबह में आग लगने से दुकान जलकर राख हो गया। इस घटना की जानकारी पुलिस को छह बजे सुबह मिली। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और फायर विग्रेड गाड़ी को बुलाकर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस बाबत में पुलिस के मुताबिक घटना को लेकर संचालक हसन अली ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज मामले में उसने कहा है कि दो वर्ष से गोतिया और संबंधियों के साथ जमीन विवाद चल रहा है। पुलिस ने कहा है कि कपड़ा दुकान संचालक हसन अली ने प्राथमिकी दर्ज में संदेह व्यक्त किया है कि गोतिया और संबंधियों ने भूमि विवाद को लेकर ही अगलगी की घटना को अंजाम दिया है।घटना की जानकारी के बाद विधायक अमित यादव पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, एसडीओ पूनम कुजूर,एसडीपीओ नजीर अख्तर, इंस्पेक्टर अमित लकड़ा ने घटना स्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया मौके पर विधायक अमित यादव ने प्रशासनिक अधिकारियों को गस्ती तेज करने व मामले की जांच कर उचित कारवाई करने की बात कही थाना प्रभारी विक्रम कुमार के मुताबिक घटना को लेकर पुलिस सभी पहलूओं पर जांच कर रही है ।

## सिविक एक्शन के तहत ग्रामीणों के बीच सी आर पी एफ ने बांटे जरूरी के सामान

### बच्चो को कश्वपी कलम और बड़ो को सोलर और दिए गए रेडियो अफीम की खेती और नक्सली दोनो हैं समाज के दुश्मन,इससे रहें दूर : सतीश पांडेय



**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**

कान्हाचट्टी : केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 190वीं वा. हिनी के कमांडेंट मनोज कुमार के दिशा निर्देश पर सतीश पाण्डेय, सहायक कमांडेन्ट के नेतृत्व में डी/190 बटालियन के द्वारा जोलडीहा पंचायत के गुवे गांव में मंगलवार को सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया द्य जिसके तहत् अति संवे. दनशील एवं नक्सल प्रभावित गाँव गुवे एवं बेंगवातरी गाँव के जरूरत मंद लाभुकों के बीच कम्बल, बर्तन, साड़ी, सोलर लाइट, रेडियो सेट एवं बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, वाटर बॉटल, स्कूल बैग का वितरण किया गया द्य लोगों को संबो. धित करते हुए सतीश पान्डेय सहायक कमांडेंट ने कहा की केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल आम लोगों के सहयोग के लिए तत्पर है। आम जनों को नशे से दूर रहना चाहिए साथ ही इलाके में अफीम कि खेती से दूर रहने की हिदायत दी द्य उन्होंने यह भी कहा की नक्सली समस्या अपने अंत के करीब है, ज्यादा से ज्यादा लोग मुख्य धारा से जुड़ कर क्षेत्र के विकाश में योगदान दें द्यश्री पांडेय ने कहा कि नक्सली और अफीम दोनो समाज के दुश्मन है तथा दोनो से समाज को ही नुकशान है। इस मौके पर उप. निरीक्षक विरेन्द्र कुमार, किशोर टोप्पो, ए एस आई हर प्रसाद कुशवाहा, राम कुमार पान्डेय वीरेंद्र कुमार, सतीश, दिलीप एवं अन्य उपस्थित थे

## जयनारायण मेहता ने बाँटी हक व लड़ाई नामक पुस्तक की प्रतियाँ

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागाँव : हक की लड़ाई नामक पुस्तक की हजारों प्रतियां जयनारायण मेहता ने कटकमदाग ,हजारीबाग, बड़कागांव समेत पूरे झारखंड के विभिन्न गांव में घूम घूम कर वितरण किया और लोगों से अपने हक की लड़ाई हेतु जागरूक होने को कहा। उन्होंने कहा कि किताब का अध्ययन करें और झारखंड के आदिवासी, मूलवासी बच्चों के वर्तमान एवं उज्जवल भविष्य की संरचना करें तथा एक दूसरे के सहयोग से आधारभूत सं. रचना को मजबूत करें। क्योंकि पूरा प्रदेश का विभिन्न गांव पिछड़ा हुआ है। जिसके समग्र विकास की जिम्मेदारी हम लोगोँ के कंधे पर है। पुस्तक का वितरण हजारीबाग जिले के कई गांव के अलावा बड़कागांव प्रखंड के, साँढ़, विश्रामपुर, हरली, बादम, गंगादोहर, शिवाडीह,सोनपुरा, सहित प्रखंड कई स्कूल क०लेज में किया गया। मौके पर अशोक दास संजय महतो उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर पिपराडीह के ग्रामीणों को मिला 100 केवीए का ट्रांसफार्मर

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पिपराडीह में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर बिजली विभाग के द्वारा बदला गया द्य विगत दिनों पूर्व उक्त ग्राम में ट्रांसफार्मर जल जाने की सूचना स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद एवं बिजली विभाग के अधिकारियों को दी गई थी । तरबूज त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक ने 100 केवीए का ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध कराई। द्य इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय महतो, प्रभु राम , महावीर प्रजापति, बंधु प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, जागेश्वर प्रजापति, घनश्याम प्रजा. पति, दीपक राम ने आभार व्यक्त किया।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## तामिलनाडु मुख्यमंत्री भवन के बाहर लावण्या को इंसाफ दिलाने हेतु संघर्ष कर रही अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि

### त्रिपाठी की गिरफ्तारी के विरोध में अभाविप ने हजारीबाग के उपायुक्त द्वारा तमिल नाडु के राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

### अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री को अविलंब रिहा करे तामिलनाडु सरकार अन्यथा देश भर में होगा उग्र आंदोलन : नवलेश सिंह प्रदेश सह मंत्री अभाविप झारखंड



**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**

आज दिनांक 15फरवरी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग जिला इकाई के द्वारा जिला संयोजक दीपक देवराज के नेतृत्व में हजारीबाग उपायुक्त के माध्यम से तामिलनाडु राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया,सेक्रेड हार्ट्स हाई स्कूल, तंजावुर, तमिलनाडु के छात्र एम लावण्या की आत्महत्या से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और हमारे देश का पूरा युवा बेहद सदमे और पीड़ा में है। यह हमें क्रोध दिलाता है कि लावण्या को ईसाई मत में जबरन मतांतरण के प्रयास के कारण हुई भयावहता के कारण अपना जीवन समाप्त करना पड़ा, जिसे उसने सचेत अवस्था में रिक०र्ड किए गए एक वीडियो में गवाही दी थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पुलिस ने दोषियों को न्याय दिलाने के लिए सक्रिय रूप से काम नहीं किया है। इसपर प्रकाश डालते हुए , और देश भर में कई मिशनरी स्कूलों के तत्वावधान में चल रहे बड़े पैमाने पर मतांतरण का संज्ञान लेते हुए, एबीवीपी मांग करती है किरू

1. सर्व प्रथम लावण्या को न्याय दिलाने एवम तमिलनाडु में जबरन धर्मातरण के विरोध में प्रदर्शन कर रहे अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री सु श्री निधि त्रिपाठी को तमिलनाडु सरकार के इशारे पर गिरफ्तार किया गया है, उनको अबिलम्ब रिहा किया जाए!
2.सभी ईसाई मिशनरी स्कूलों में संस्थागत इंजीलवाद का अंत किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि संस्थागत इंजीलवाद का अभ्यास नहीं किया जाता है, चर्चों और मस्जिदों को स्कूलों से अलग करने के लिए एक उचित नियामक ढांचे को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। जबरन धर्मांतरण को एक दंडनीय अपराध बनाया जाना चाहिए और इसलिए मतांतरण विरोधी कानून की बहुत आवश्यकता है और इसे राज्य और पूरे देश में समय पर लागू करना अनिवार्य है।

3. लावण्या और दोषी शिक्षकों पर हो रही क्रूरता को प्रकाश में लाने के लिए उचित और पारदर्शी जांच की जाएगी, इसे तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाना चाहिए। एक अच्छे ट्रैक रिक०र्ड वाले आईपीएस अधिकारी को जांच अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाना चाहिए।

उपरोक्त मांगो परअभाविप हजारीबाग ने गम्भीरता पूर्वक विचार करने को कहा है, अन्यथा देश भर में उग्र आंदोलन की बात कही है! मौके पर प्रदेश सह मंत्री नवलेश सिंह,विभाग संयोजक दीपक मेहता, जिला सह संयोजक सोनू राय, नगर मंत्री मंदीप यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राज प्रिंस गुप्ता, नगर सह मंत्री प्रभात कुमार,प्रा जिला जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा, बाबूलाल मेहता, अभिषेक कुमार, अनुज कुमार,संदीप राणा,संजीत कुमार,रोहित यादव, कुमार,आदित्य,हिमांशु कुमार, अविनाश पांडेय,राहुल कुमार, करण कुमार मेहता, यशवंत कुमार, संदीप यादव,अभिमन्यु कुमार,सूरज , सोनू,शिवम यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे

## राजपुर पुलिस और वन विभाग के संयुक्त कार्रवाई में दस एकड़ में लगे पोस्ता फसल को किया गया नष्ट

### राजपुर थाना क्षेत्र के बेंगोकला के रोपनी टांड़ में चला अभियान जब तक पोस्ता तोड़ेंगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं : थाना प्रभारी




**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**

कान्हाचट्टी : चतरा जिला के हर थाना क्षेत्रों में इन दिनों चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन व उपायुक्त अंजली यादव के निर्देश पर प्रशासन लगातार अफीम माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही कर रही है आपको बता दे की अब तक सिर्फ राजपुर थाना क्षेत्र में करीब ढाई सौ एकड़ से भी अधिक भूमि पर लगे अफीम की फसल को राजपुर पुलिस व वन विभाग के संयुक्त टीम ने नष्ट कर चुकी है।इस वर्ष लगातार पु. लिसिया कार्यवाही से माफिया तत्व के लोगो के साथ साथ नक्सल फाइनेंस को भी बेजोड़ झटका लगी है और आर्थिक चोट भी पहुंची है।वही पुलिस अब भी इस कार्यवाही को जारी रखी हुई है और लगातार अलग अलग क्षेत्रों में अफीम की विनिष्टिकरण अभियान जारी है इसी क्रम में राजपुर पुलिस व वन विभाग के संयुक्त टीम ने मंगलवार को थाना प्रभारी विकाश पा. सवान के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती गांव बेंगोकला और रोप. नीटांड में अफीम माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया गया जहा गांवों से दूर जंगलों के किनारे व्यापक पैमाने पर की गई अफीम की खेती को देख पुलिस भी दंग है।अभियान के क्रम में पुलिस जब गांव में झाड़ियों को लांघकर अंदर पहुंची तो देखा की छोटे–छोटे प्ल०ट में काफी जमीन पर अफीम की खेती की गई है।पुलिस ने इस दौरान लगभग 10 एकड़ में लगे अफीम की फसल को नष्ट कर दिया।अफीम के पौधों पर डंडा चलाते पु. लिसवाले थक रहे थे। लेकिन उसके बावजूद फसलों को ट्रैक्टर व डंडों के सहारे नष्ट कर दिया गया।पुलिस ने जिस जमीन पर अफीम की खेती की गई है, उस जमीन को चिन्हित करने की प्रयास में है, जिसके आधार पर जमीन पर खेती करने वालो का पता लगाया जाएगा और उनके खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी।विकास पासवान से अफीम विनिष्टिकरन पर बात किया गया तो उन्होंने कहा कि जब तक पोस्ता की पौधों को तोड़ेंगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं।अभियान लगातार चलता रहेगा।मौके पर विन विभाग के प्रभारी वनपाल सहित वनरक्षि मनीष कुमार शमरेश गंझू,नरेश कुमार थाना के ए एस आई बिरेन्द्र ठाकुर,राजेश शर्मा,के साथ साथ महिला एवं पुरुष जिला बल एवं सहायक पुलिस के लोग शामिल थे

## आत्म निर्भर भारत को मजबूती प्रदान करेगा तुरी समाज, चौपारण में खुलेगा बांस का फैक्ट्री

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



कोरोना संकट में हुए नुकसान से उबरने के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए चौपारण में संचालित बम्बू क्लस्टर नामक संस्थान अग्रणी भूमिका निभा रहा है। संस्थान के निदेशक रामाधीन तुरी ने बताया कि हजारीबाग के बिनायक होटल में सांसद जयन्त सिन्हा के उप. स्थित में बांस से बने वस्तुओं की प्रदर्शनी किया गया। सांसद जयन्त सिन्हा तुरी समाज के महिलाओं द्वारा बनाये गए वस्तुओं को देखकर आश्चर्य चकित रह गए। श्री सिन्हा ने बताया कि पीएम मोदी के अभियान को बल मिल रहा है। ग्रामीण स्तर पर लोग आत्मनिर्भर हो रहे है। कहा तुरी समाज द्वारा निर्मित निर्मित वस्तुओं को देश स्तर पर पहचान दिलाऊंगा। संस्थान निद. ेशक रामाधीन तुरी ने कहा आने वाले दिनों में चौपारण में बाँस का फैक्ट्री खुलेगा जिसमें बाँस के वस्तुओं का निर्माण किया जाएगा । कहा फैक्ट्री में बाँस का सोफा, कुर्सी, टेबल, घरेलू सामान के साथ आधुनिक युग मे उपयोग में लाये जाने आले वस. तुओं को बनाया जाएगा। इस दौरान बाँम्बू कलस्टर के डायरेक्टर अतुल्य कुमार, रिसांत कुमार, प्रेमा शार्मा युगल तुरी, भीम तुरी लखन कुमार तुरी, चलितर तुरी, पोखराज तुरी बाबुलाल तुरी, सहित तुरी समाज के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## सिंदवारी में टैलेंट हंट कंप्यूटर सेंटर का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



सिंदवारी में स्वरोजगार हेतु इंफ्रोमेंसेन टेक्नोलॉजिक जानकारी के लिए टैलेंट हंट कंप्यूटर कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया । मुख्यअतिथि खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गोविंद महतो के द्वारा फीता काट कर शुभारंभ्भ किया गया । गोविंद महतो ने कहा कि हमारा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है । गांव में कंप्यूटर कोचिंग सेंटर खुलने से मुझे काफी खुशी हुई । सेंटर के निर्देशक राहुल चौरसिया ने कहा कि गरीब और अनाथ बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा साथ ही कोर्स पूर्ण होने पर विधार्थियो को सर्टिफिकेट दिया जायेगा।सेंटर के संचालन रोहित चौरसिया ने बताया कि हमारे सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त करके अच्छी जानकारी और अ०नलाइन प्रैक्टिकल्स की सु. विधा उपलब्ध है । मौके पर मुखिया सरिता पल्लवी, यशोदा देवी, संजय कुमार कुशवाहा, शिक्षाविद कृष्णा राम, रियाजुल अंसारी,राज कुमार,अशोक दास, छोटेलाल चौरसिया, गौतम चौरसिया, प्रभाकर कुमार, विनय कुमार राणा, विकास कुमार, श्याम किशोर महतो,अरुण महतो,सोहर महतो,विनोद महतो,शिबू मेहता,केशो राणा,प्रमोद राणा,नकुल महतो,गौतम वर्मा,सुधीर ठाकुर,दिवाकर कुमार,शंभू पाण्डे,श्रीकांत कुमार,प्रदीप कुमार,सुरेंद्र साव, रविंद्र चौरसिया के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## टेकलाल महतो की विचारधारा को अपनाने की जरूरत: जेपी पटेल

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



झामुमो की ओर से श्र)ांजलि अर्पित करते रामप्रकाश भाई पटेल समेत अन्य

झारखंड अलग राज्य निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाले मांडू के पूर्व विधायक स्व. टेकलाल महतो की 77वीं जयंती मंगलवार को मनाई गई। विष्णुगढ़ इंटर क०लेज परिसर में स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में भाजपा एवं झामुमो कार्यकर्ता अलग-अलग शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। भाजपा से स्व. टेकलाल महतो के छोटे पुत्र सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। समारोह में उन्होंने कहा कि टेकलाल महतो एक साधारण किसान परिवार के होते हुए भी झारखंड अलग राज्य के लिए काफी लंबा आंदोलन किया। उनके संघर्षो का परिणाम है कि आज झारखंड राज्य अस्तित्व में है। हम सभी को उनके विचारधारा को अपनाने की जरूरत है। क्षेत्रवासियों के प्रति प्रेम एवं समर्पण की भावना हमें काफी सीखाती है। उनके विचारधारा पर चलकर राज्य का विकास हो सकता है। भाजपा की ओर से चंद्रनाथ भाई पटेल, मंडल अध्यक्ष केबी मंडल, महादेव मंडल, पिंकी देवी, गुरू प्रसाद साव, राजेश सोनी, हरि यादव, जीवन सोनी, दीपक रजक, महेन्द्र महतो, हीरामन महतो, कन्हाई यादव, बासुदेव महतो आदि कई कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं, झामुमो की ओर से स्व. टेकलाल महतो के बड़े पुत्र सह केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य रामप्रकाश भाई पटेल के नेतृत्व में श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने कहा कि टेकलाल महतो एक व्यक्ति नहीं विचारधारा हैं। उनका संघर्ष हम सबों के प्रेरणा देती है। झारखंड अलग राज्य आंदोलन से लेकर गिरिडीह सांसद बनने तक गरीब-गुरबों की आवाज बने रहे। मौके पर केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य टेकोचंद महतो, जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव, सुनील शर्मा, जिप सदस्य यशोदा देवी, गिरजा साव, महताब हुसैन, देवीराम हेम्ब्रम, संजय पटेल, सुनील अकेला, रोहित दास, संजय प्रजापति, विष्णुधारी यादव, विकास सोनी समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

फोटो 1- टेकलाल महतो की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक जेपी पटेल समेत अन्य

## संस्कार केंद्र का उद्‌घाटन किया गया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**




सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की ओर से मंगलवार को सरस्वती संस्कार केंद्र का उद्‌घाटन किया गया।मौके पर प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने बताया कि विद्या भारती योजनानुसार धरियाडीह, शीतलपुर और मोहलीचुँआ सेवा बस्ती में सरस्वती संस्कार केंद्र का उद्‌घाटन किया गया।कहा कि जो बच्चे गरीबी के कारण विद्यालय जाने में असम. र्थ हैं वैसे बच्चे को अभिभावक यहां आसानी से भेजकर संस्कार युक्त शिक्षा दिला सकते हैं।केंद्र में प्रतिदिन 2 घंटे की शिक्षण की व्यवस्था है। हमारा देश तभी समृद्ध बनेगा जब समाज में झुग्गी झोपड़ी और उपेक्षित स्थान के बच्चे शिक्षित होंगे।

राजेंद्र लाल बरनवाल ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार जरूरी है। शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है शिक्षा के जरिए ही बच्चों में संस्कार का विकास होता है।उनके अंदर सामाजिक चेतना आती है। उद्‌घाटन में सरस्वती संस्कार केंद्र प्रमुख नारायण दास,शिक्षक पूनम कुमारी,उमेश दास,अनिल दास एवं बच्चे उपस्थित थे।


## प्रेमी जोड़े को ग्रामीणों ने पकड़ा, किया प्रशासन के हवाले

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गांवा थाना क्षेत्र के सेरूआ पंचायत के खाजिया (चेरवा) में मंगलवार को ग्रामीणों ने प्रेमी जोड़े को रंगे हाथ धर दबोचा। घटना के संबंध में बताया जाता है की जमुआ थाना क्षेत्र के झारोड़ीह निवासी यमुना कुमार दास पिता रामगोपाल रविदास का प्रेम प्रसंग कई माह से खजिया निवासी एक विवाहिता से चल रहा था। प्रेम प्रसंग इतना बढ़ा की दोनो आपस में मिलने का विचार बनाया जबकि ग्रामीणों को दोनो के प्रसंग के बारे में गुप्त सूचना मिल गया था इसलिए ग्रामीण दोनो को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बना लिए। मंगलवार को जब युवक महिला से मिलने महिला के गांव पहुंचा तो ग्रामीणों ने दोनो प्रेमी जोड़े को धर दबोचा और स्थानीय प्रशासन के हवाले कर दिया। इधर थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है जांचोपरांत करवाई की जाएगी।

## पचंबा स्थित वर्मा मार्केट में पड़ा खाली प्लॉट बना कूड़े का गोदाम




**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह जिला की उप. नगरी पचंबा में स्थित वर्मा मार्केट में खाली पड़े एक प्ल०ट जिसमें लगभग साढ़े तीन फिट की दीवार लगी है घेरा. बंदी में को स्थानीय लोगों ने कूड़े का गोदाम बना दिया है। आस पास के दुकानदार लोग अपनी दुकान की कचरा को लाकर फेंक जाते हैं। आस पड़ोस में कहीं कोई कार्यक्रम आयोजित होता है तो वहां का भी कचरा को रात में नजरें चुराकर इसी खाली जगह में फेंक डालते हैं। इन कचरों के सड़न से उठ रही बदबू से पास में स्थित होमियों प्वाइंट के संचालक ड० अविनाश लाल को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। साथ ही इस प्लॉट के सामने स्थित झुमराज टे. क्सटाइल, मां अम्बे वस्त्रालय, खेल सेंटर, अमीषा ब्यूटी पार्लर और बुक सेंटर के संचालकों और इन प्रतिष्ठानों में आने जाने वाले ग्राहकों को बदबू खासे परेशान करती है। झुमराज टे. क्सटाइल के संचालक रामचन्द्र प्रसाद वर्मा का कहना है कि कई बार स्थानीय वार्ड पार्षद को इस विषय को लेकर सूचना दी गई मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई। पचंबा के वार्ड नंबर तीन में स्थित यह खाली प्ल०ट स्थानीय दुकानदारों के लिए जी का जंजाल बन चुका है। अगर नगर निगम ने इस मामले को गंभीरता नहीं लिया तो दुकानदार चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने को बाध्य हो जायेंगे अन्यथा इस प्ल०ट का निवारण हेतु नगर निगम जल्द से जल्द कार्यवाही हेतु ठोस कदम उठाए।

## गांवा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में किया गया बैठक का आयोजन, दिए कई निर्देश'

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गांवा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रभारी प्रखण्ड विकास पदा. धिकारी संतोष प्रजापति के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप मनरेगा के योजनाओ व आवास प्लस और 15वी वित्त आयोग के विभिन्न योजनाओं का समीक्षा किया गया और कई प्रकार का दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार, प्रखण्ड पंचायती राज अधिकारी संजय कुमार, पंचायत सचिव राजेंद्र पंडित, प्रभु हाजरा ,रा. जकुमार यादव ,रोजगार सेवक नकुल राम,राकेश कुमार आदि सभी पंचायत के पंचायत सचिव व रोजगार सेवक उप. स्थित थे।

## अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति को मारी गोली

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज मंगलवार को दोपहर के करीब गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित बजटो पंचायत के महुआ टांड़ गांव में अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति को दिनदहाड़े गोली मार दी । गोली पेट जा कर लगी और व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जख्मी हालत में तड़पते व्यक्ति की पहचान बजटो पंचायत के महुआ टांड़ निवासी 45वर्षीय जालंधर यादव के रुप में की गई। घटना की सूचना पाकर ज़ख्मी जलेंधर यादव का बेटा सचिन यादव अपने दोस्तों के साथ घटना स्थल पर पहुंचा और अपने दोस्त संजय साहू की गाडी से इलाज के लिए आनन फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज करके गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु पीएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया। जालंधर यादव के पेट में एक गोली लगी है जबकि दो गोली चलने की बात सामने आ रही है। दो गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मुफ्फसिल थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। हमलावर की संख्या कितनी थी इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है लेकिन विश्वस्त सूत्रों के हवाले से खबर आई है कि एक बाइक पर दो लोगों को भागते हुए देखा गया है। हमलावरों ने जलेंदर यादव पर गोली क्यों चलाई पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। कुछ स्थानीय लोग इस मामले को पुराने रंजिश से जोड़कर देख रहे हैं। फिलहाल जब तक घटना का असलियत का पर्दाफाश मुफसील पुलिस नही कर लेती है तब तक कुछ भी कहना और कुछ भी मानना गलत होगा।

APEM
LIVE